योग विज्ञान' पर एक और पुस्तक का विमोचन



एसएमएस के वैदिक विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में 'योग विज्ञान' पर एक और पुस्तक का विमोचन

लखनऊ | 21 दिसम्बर 2023

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ (एमएमएस) के द्वारा वैदिक विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में *"दि साइंस ऑफ़ योग – मुद्रा, बन्ध व चक्रो का महत्व"* पर डा. भरत राज सिह, द्वारा अंग्रेजी में लिखित पुस्तक का विमोचन आज दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को श्री शरद सिंह, सचिव व मुख्यकार्यकारी अधिकारी द्वारा किया गया । इसके साथ वौदिक विज्ञान केंद्र, एस.एम.एस. के गौरवमीय इतिहास में उनकी एक और उपलब्धि दर्ज की गई ।

इस पुस्तक के सह-लेखक श्री सतीश कुमार सिह, अध्यक्ष, एस.एम.एस.और डा. अजय कुमार सिंह, पूर्व कुलपति, श्री श्री विश्वविद्यालय, कटक, ओडिशा ने अपने-अपने अध्यात्मिक ज्ञान का उल्लेख कर इसे अधिक उपयोगी बनाया ।

डा. सिह ने इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को अवगत कराया कि योग भारतीय ज्ञान की पांच हजार वर्ष पुरानी शैली है, जिसकी उत्पत्ति त्रेता युग में वेदव्यास द्वारा रचित वेद से हुई । यह भी बताया कि भौतिक शरीर में योग पद्धति से मुद्राओ, वंध व चक्रों के जागृत करने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है । इस पुस्तक में आसान तरीके से मुद्रा, वंध और मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र तक क्रिया के माध्यम से महत्वपूर्ण प्राण ऊर्जा का संचार कर जीवन को सदाचारी कैसे बनायाँ जाय, बताया गया है ।

इस पुस्तक का विमोचन के अवसर पर डॉ0 आशीष भटनागर, निदेशक, डा. भरत राज सिंह, महा-निदेशक (तकनिकी), डा. जगदीश सिंह, निदेशक-प्रशासन व डा. धर्मेन्द्र सिंह, सह-निदेशक, एस0एम0एस0, लखनऊ आदि उपस्थित रहे |

---

https://ghoomtaaina.in/release-of-another-book-on-yoga-vigyan-under-the-aegis-of-vedic-science-center-of-sms/